जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, दुमका

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत प्रखंड स्तर पर PMU गठन हेतु नियुक्ति संबंधी सूचना :–

ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार की अधिसूचना संख्या 1016 (अनु0) ग्रा0वि0–10-PMAY-G-54/2016 रांची दिनांक 01.03.2017 एवं अधिसूचना संख्या 3048 ग्रा0वि0–10-PMAY-G-27/2019 रांची दिनांक 22.08.2019, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रांची का पत्रांक 10-PMAY-G-54/2016 ग्रा0वि0–2133 रांची दिनांक 03.05.2017 एवं पत्रांक –10-PMAY-G-54/2016/ ग्रा0वि0–1577 (अनु0) राँची दिनांक 28.05.2021 के आलोक में प्रखंड समन्वयक एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर(प्रखंड स्तर) पद की नियुक्ति हेतु कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या 5776 दिनांक 10.10. 2002 तथा संकल्प संख्या 2020 दिनांक 29.04.2010 द्वारा निर्गत कोटिवार एवं जिलावार आरक्षण रोस्टर के अनुसार आरक्षण देय होगा। स्थानीयता के संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या 3198 दिनांक 18.04.2016 प्रभावी होगी।

दुमका जिला के प्रखंड स्तर पर स्वीकृत पद एवं आरक्षण कोटिवार रिक्त पदों की संख्या निम्न प्रकार है :–

क्र0 सं0	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या/आरक्षण की स्थिति				आयु सीमा	मासिक मानदेय
		सामान्य	अ0ज0जा0	अ0जा0	कुल		
1	प्रखंड समन्वयक	2	2	1	5	22–45 वर्ष	18000/–
2	लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (प्रखंड स्तर)	0	6	0	6	18–30 वर्ष	10000/–

नोट :– आरक्षण का लाभ नियमानुसार देय होगा। उम्र की गणना दिनांक 01.01.2021 के आधार पर की जायेगी।

- **शैक्षनिक योग्यता/कार्यानुभव :–**

1. **प्रखंड समन्वयक** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण एवं एक वर्ष का कार्यानुभव। रूरल मैनेजमेंट/को–ऑपरेटिव मैंजमेंट/सोशल वर्क संकाय में स्नातकोत्तर/डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को नियुक्ति में वरीयता दी जायेगी।

2. **लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (प्रखंड स्तर)** – मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थानों से वाणिज्य (Commerce) विषय में इंटरमिडिएट उत्तीर्ण एवं Diploma in Computer Application (DCA)/ Advanced Diploma in computer Application (ADCA)/ Diploma in IT (DIT)/ एवं Certificate in Accountancy (CIA) के साथ छः माह का कार्यानुभव तथा हिन्दी एवं अग्रेजी टंकन दक्षता अनिवार्य।

- **आवेदन शुल्क :–**
  कोई आवेदन शुल्क देय नहीं।
- **आवेदन की प्रक्रिया/आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि** :– आवेदकों को ऑनलाईन विभागीय पोर्टल http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर जाकर आवेदन करना है। जहां नियुक्ति संबंधी सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध है। आवेदन दिनांक 21.10.2021 से प्रारंम्भ होकर दिनांक 27.10.2021 तक भरा जायेगा।
- आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी www.dumka.nic.in अथवा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, दुमका से भी प्राप्त किया जा सकता है।
- इस कार्यालय का ज्ञापांक 68 दिनांक 14.01.2020 एवं ज्ञापांक 69 दिनांक 14.01.2020 द्वारा प्रखण्ड समन्वयक एवं लेखापाल–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तर) के पद हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन PR 223949 एवं PR 223951 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0

(डा0 संजय सिंह, झा0प्रा0स0)
उप विकास आयुक्त
दुमका।

ज्ञापांक 1526 / जि0ग्रा0वि0अभि0 दुमका, दिनांक 20.10.2021

प्रतिलिपि – जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, दुमका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि 03 (तीन) दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब उपरोक्त विज्ञापन को (Size 15 cm x 15 cm) में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि – जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, दुमका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त विज्ञापन को जिला के वेबसाईट www.dumka.nic.in में अविलंब अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि – सरकार के अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पोर्टल में अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु लिंक उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

(डा0 संजय सिंह, झा0प्रा0स0)
उप विकास आयुक्त
दुमका।